चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक 17.2.2019 पृष्ठ सं. ...7... कॉलम ...1-6...


**ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप समिट** • तीन दिवसीय समिट में एचएयू के वैज्ञानिक आधुनिक तकनीकों पर व्याख्यान देंगे

# एचएयू बना नॉलेज पार्टनर, किसानों के उत्पादों को पहचान देने और मार्केटिंग करने पर किया फोकस

भास्कर न्यूज | हिसार

समृद्ध किसान-समृद्ध भारत विषय पर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट गन्नौर, सोनीपत में आयोजित तीन दिवसीय चौथी ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप समिट आयोजित की जा रही है। इस समिट में कृषि के आधुनिक स्वरूप, विकास, शोध, भविष्य की चुनौतियों नामक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल उत्पादों की विशिष्ट पहचान विकसित करें ताकि उनके उत्पाद हाथों हाथ व उचित दाम पर बिक सकें। इस समिट में एचएयू नॉलेज पार्टनर है। उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय समिट में कुल आठ सत्र होंगे जिनमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को कृषि संबंधी आधुनिक जानकारी देने के लिए विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे और किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान बताएंगे।

गोष्ठी के सह अध्यक्ष विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज थे। इस गोष्ठी में विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. आरएस हुड्डा, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, उचानी के निदेशक, डॉ. समर सिंह व कृषि विज्ञान केन्द्र, पानीपत के निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने किसानों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों व प्रश्नों का विस्तार से समाधान किया। इस गोष्ठी में मंच का संचालन संयुक्त निदेशक विस्तार शिक्षा, डॉ. कृष्ण यादव ने किया।

इस समिट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें कृषि उत्पाद, कृषि की समग्र सिफारिशें, बीज व जैविक उत्पाद आदि प्रदर्शित किए गए। इसके अतिरिक्त श्रवण व दृश्य माध्यम द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।




गन्नौर में आयोजित ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप समिट में किसानों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. केपी सिंह।

## महिलाओं को सशक्त बनाने को प्रशिक्षण जरूरी

इस मौके पर महिला सशक्तिकरण विषय पर एक सत्र भी आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता होम साइंस कालेज की डीन, डॉ. बिमला ढांडा ने की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कृषि व पशुपालन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के दृष्टिगत उन्हें इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने ज्ञान व कौशल को बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया। इस सत्र में डॉ. सुषमा कौशिक, डॉ. मंजु दहिया, डॉ. मीना सिवाच व डॉ. विवेक सिंह ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक 17.2.2019 पृष्ठ सं. ....20.... कॉलम ....2-5....

कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को सुझाएंगे आय दोगुनी करने का रास्ता

# गन्नौर कृषि सम्मेलन में नॉलेज पार्टनर बना विवि

जागरण संवाददाता, हिसार : समृद्ध किसान-समृद्ध भारत विषय पर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट गन्नौर सोनीपत में आयोजित तीन दिवसीय चौथी ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप समिट का शनिवार को आगाज किया गया। इस समिट में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय नॉलेज पार्टनर है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को आय दोगुनी करने का रास्ता सुझाएंगे। इस समिट में कृषि के आधुनिक स्वरूप, विकास, शोध, भविष्य की चुनौतियां विषयक गोष्ठी की अध्यक्षता एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल उत्पादों की विशिष्ट पहचान विकसित करें, ताकि उनके उचित दाम मिल सकें। गोष्ठी के सह अध्यक्ष रजिस्ट्रार डा. बीआर कंबोज थे।

इस गोष्ठी में विस्तार शिक्षा निदेशक डा. आरएस हुड्डा, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र उचानी के निदेशक डा. समर सिंह और कृषि विज्ञान केन्द्र पानीपत के निदेशक डा. राजबीर गर्ग ने किसानों की विभिन्न समस्याओं का विस्तार से समाधान किया। मंच संचालन सयुक्त निदेशक विस्तार शिक्षा डा. कृष्ण यादव ने किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण विषय पर भी एक सत्र आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता होम साइंस कालेज की डी डा. बिमला ढांडा ने की। इस सत्र में डा. सुषमा कौशिक, डा. मंजु दहिया, डा. मीना सिवाच और डा. विवेक सिंह ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए।



किसानों को संबोधित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

## आठ सत्रों में एचएयू के वैज्ञानिक देंगे कृषि जानकारी

इस तीन दिवसीय समिट में कुल आठ सत्र होंगे, जिनमें एचएयू के वैज्ञानिक किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान बताएंगे। समिट में एचएयू द्वारा एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें कृषि उत्पाद, कृषि की समग्र सिफारिशें, बीज व जैविक उत्पाद आदि प्रदर्शित किए गए। इसके अतिरिक्त ऑडियो विजुअल के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....
दिनांक 17-2-2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....6-8....

# किसान अपनी फसल उत्पादों की विशिष्ट पहचान करें : प्रो. के.पी. सिंह

गन्नौर में चल रही चौथी ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप सम्मिट में बोले एच.ए.यू. के कुलपति



*ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप सम्मिट को संबोधित करते कुलपति प्रो. के.पी. सिंह।*

हिसार, 16 फरवरी (ब्यूरो): समृद्ध किसान-समृद्ध भारत विषय पर इंडिया इंटरनैश्नल मार्कीट गन्नौर सोनीपत में आयोजित 3 दिवसीय चौथी ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप सम्मिट की अध्यक्षता एच.ए.यू. के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसान अपनी फसल उत्पादों की विशिष्ट पहचान विकसित करें ताकि उनके उत्पाद हाथों हाथ व उचित दाम पर बिक सकें। ज्ञात रहे कि इस सम्मिट में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय नॉलेज पार्टनर है। गोष्ठी के सह-अध्यक्ष विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बी.आर. कंबोज थे। गोष्ठी में विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. आर.एस. हुड्डा, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, उचानी के निदेशक, डॉ. समर सिंह व कृषि विज्ञान केन्द्र, पानीपत के निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने किसानों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों व प्रश्नों का विस्तार से समाधान किया। इस गोष्ठी में मंच का संचालन संयुक्त निदेशक विस्तार शिक्षा, डॉ. कृष्ण यादव ने किया। इस मौके पर महिला सशक्तिकरण विषय पर एक सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र में डॉ. सुषमा कोशिक, डॉ. मंजु दहिया, डॉ. मीना सिवाच व डॉ. विवेक सिंह ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। सम्मिट में कुल 8 सत्र होंगे जिनमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को कृषि संबंधी आधुनिक जानकारी देने के लिए विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे और किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान बताएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरि. भूमि......

दिनांक 17.2.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 7-8

## किसान फसल उत्पादों की विशिष्ट पहचान करें विकसित : कुलपति

हिसार। समृद्ध किसान-समृद्ध भारत विषय पर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट गन्नौर, सोनीपत में तीन दिवसीय चौथी ऑल इंडिया एग्री लीडरशिप समिट आयोजित की जा रही है। इस समिट में कृषि के आधुनिक स्वरूप, विकास, शोध, भविष्य की चुनोतियों नामक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हकृवि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसान अपनी फसल उत्पादों की विशिष्ट पहचान विकसित करें ताकि उनके उत्पाद हाथों हाथ व उचित दाम पर बिक सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न कृषि शोध कार्यों एवं कृषि के नवाचार के बारे में किसानों को जानकारी दी। ज्ञात रहे कि इस समिट में हकृवि नॉलेज पार्टनर है। गोष्ठी के सह अध्यक्ष विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज थे। इस गोष्ठी में विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. आरएस हुड्डा, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, उचानी के निदेशक, डॉ. समर सिंह व कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत के निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने किसानों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों व प्रश्नों का विस्तार से समाधान किया। इस गोष्ठी में मंच का संचालन संयुक्त निदेशक विस्तार शिक्षा, डॉ. कृष्ण यादव ने किया। इस सत्र में डॉ. सुषमा कौशिक, डॉ. मंजु दहिया, डॉ. मीना सिवाच व डॉ. विवेक सिंह ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय समिट में कुल आठ सत्र होंगे जिनमें हकृवि के वैज्ञानिक किसानों को कृषि संबंधी आधुनिक जानकारी देने के लिए विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे और किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान बताएगें। इस समिट में हकृवि द्वारा एक प्रर्दशनी भी लगाई गई जिसमें कृषि उत्पाद, कृषि की समग्र सिफारिशें, बीज व जैविक उत्पाद आदि प्रदर्शित किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण

दिनांक 17.2.2019 पृष्ठ सं. 2, 2 कॉलम 5, 1-2

### एनएसएस शिविर 18 से 24 फरवरी तक सीसवाला में लगेगा

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 18 से 24 फरवरी तक हिसार के सीसवाला गांव में वार्षिक शिविर का आयोजन किया जायेगा। कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इंचार्ज डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस शिविर का उद्घाटन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. के.एस.ग्रेवाल व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस.दहिया करेंगे । उन्होंने बताया इस शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा जिनमें मुख्य रूप से पौधा- रोपण, स्वच्छता रैली तथा सफाई जागरूकता अभियान शामिल हैं।

### सीसवाला में लगेगा एचएयू स्वयंसेवकों का वार्षिक शिविर

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 18 से 24 फरवरी तक हिसार के सीसवाला गांव में वार्षिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इंचार्ज डा.भगत सिंह ने बताया कि शिविर का उद्घाटन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. केएस ग्रेवाल और छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया करेंगे। उन्होंने बताया इस शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें मुख्य रूप से पौधरोपण, स्वच्छता रैली और सफाई जागरूकता अभियान शामिल हैं। शिविर का प्रतिदिन शुभारंभ प्रात:काल योगाभ्यास से होगा। शिविर के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि, बागवानी, पशुपालन संबंधित जानकारियां दी जाएगी। शिविर में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य पर भी जानकारियां दी जाएगी। शिविर का समापन 28 फरवरी को होगा। (जाग)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरिभूमि, अमर उजाला....

दिनांक 17.2.2019 पृष्ठ सं. 14, 3 कॉलम 1-2, 1-2

## हकृवि एनएसएस इकाई का वार्षिक शिविर सीसवाला में 18 से

हिसार। हकृवि के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 18 से 24 फरवरी तक हिसार के सीसवाला गांव में वार्षिक शिविर का आयोजन किया जायेगा। कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इंचार्ज डॉ. भगत सिंह ने यह जानकारी देते हुये बताया कि इस शिविर का उद्घाटन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केएस ग्रेवाल व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया करेंगे। उन्होंने बताया इस शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा जिनमें मुख्य रूप से पौध-रोपण, स्वच्छता रैली तथा सफाई जागरूकता अभियान शामिल है। शिविर के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि, बागवानी, पशुपालन संबंधित जानकारियां दी जायेंगी जिससे ग्रामीणों व विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। शिविर में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य पर भी जानकारियां दी जायेंगी। उनके अनुसार शिविर का समापन 28 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा।

## कृषि महाविद्यालय का एनएसएस शिविर कल से

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 18 से 24 फरवरी तक गांव सीसवाला में वार्षिक शिविर लगाया जाएगा। योजना प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस शिविर का उद्घाटन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केएस ग्रेवाल व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया करेंगे। उन्होंने बताया इस शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें मुख्य रूप से पौधरोपण, स्वच्छता रैली तथा सफाई जागरूकता अभियान शामिल हैं। शिविर का प्रतिदिन शुभारंभ प्रातःकाल योगाभ्यास से होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक ट्रिब्यून....

दिनांक 17.2.2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....1-5....

## एग्री लीडरशिप समिट में कृषि मंत्री धनखड़ ने किया ऐलान

# किसान रत्न अवार्ड चौ. चरण सिंह विवि को

विनोद कुहाड़/निस

गन्नौर, 16 फरवरी (निस)

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट गन्नौर (आईआईएचएम) में चल रही एग्री लीडरशिप समिट के दूसरे दिन कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, परिवहन मंत्री कृष्णलाल पंवार और विधानसभा स्पीकर कंवर पाल गुर्जर ने मेले का दौरा किया। इस मौके पर कृषि मंत्री धनखड़ ने ऐलान किया कि प्रदेश सरकार पहला किसान रत्न अवार्ड चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार को देगी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय पिछले 50 वर्षों से किसानों की सेवा को समर्पित है। अवार्ड के रूप में विश्वविद्यालय को 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

इस मौके पर स्पीकर गुर्जर ने समिट को किसानों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन किसानों के उत्थान के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कृषि के लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाना जरूरी है। कृषि में हो रहे नये-नये प्रयोगों को अपनाना चाहिए, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो।

पंवार ने कहा कि यह सम्मेलन किसानों को नयी दिशा देने वाला है। समिट समापन पर रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आएंगे। सीएम खट्टर उन्हें साहिवाल गाय व मुर्राह नस्ल की भैंस भेंट करेंगे।




गन्नौर में शनिवार को एग्री लीडरशिप समिट में पहुंचे शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, कृषि मंत्री ओपी धनखड़, स्पीकर कंवर पाल गुर्जर और परिवहन मंत्री कृष्णलाल पंवार व अन्य। -निस